सार-समाचार

झांसा देकर नकदी हड़पी

उदयपुर, (कासं)। शहर के नाई थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भूखण्ड बेचने का झांसा देकर दस लोगों से नकदी वसूल कर रजिस्ट्री नहीं कराने का प्ररकण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार अम्बामाता सज्जननगर निवासी फरीद अली पुत्र हसन अली, मोर्हनुद्दीन शेख, मोहम्मर निजामुद्दीन, अब्दुल मजीद, शफी शाह, मोहम्मद शकील, मोहम्मद अख्तर, शमसुद्दीन, अकरम हुसैन सहित दस लोगों ने आरोपी फय्याल मोहम्मद पुत्र सिद्दिक मोहम्मद निवासी नया खेड़ा के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडितों ने बताया कि आरोपी ने नया खेड़ा में स्वयं की जमीन होना बताते हुए भूखण्ड बेचने की बात कही। इस पर मौका देख आरोपी को सभी ने 50-50 हजार रूपये एडवांस तथा प्रति माह पांच पांच हजार रूपये किश्त देना शुरू कर दिया। कुछ समय बाद रजिस्ट्री कराने पर आरोपी ने टालम टोल करना शुरू कर दिया। इस संबंध में पडताल की तो भूखण्ड आरोपी के नहीं होने की जानकारी सामने आई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

हिंदी पखवाड़े का समापन

देवगढ़, (निसं)। स्थानीय विद्यालय में शुक्रवार को हिंदी पखवाड़े का समापन के साथ हिंदी दिवस मनाया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय विद्यालय के प्राचार्य विजयेंद्र नागदा ने की एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रभु सिंह, हुकुमचंद मीणा ,अमर सिंह कार्यक्रम में शिक्षकों का कवि सम्मेलन हुआ।कार्यक्रम में सर्वप्रथम देशभक्ति कविताओं ने विद्यार्थियों को देशभक्ति से मंत्र मुक्त कर दिया विद्यार्थियों ने हिंदी के एकल गीत प्रस्तुत कियें एवं विभिन्न वक्ताओं ने मातृ भाषा हिंदी के बारे में सभी को जानकारी दी गई।इसी बीच पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन पुस्तकालय में किया गया।कार्यक्रम का संचालन एवं सह शैक्षिक गतिविधि प्रभारी पूसा लाल खटीक द्वारा किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में दिलीप सिंगारिया अनिल गहलोत रितु कुमारी सुमन सैनी सुखदेव सिंह अशोक कुमार नरेंद्र उदय ज्ञानचंद रेगर गोपाल सिंह लोकेश सूर्यकांत ज्योति वर्षा मनीषा विमलेश दिलखुश शिवानी ममता रेगर सहित उपस्थित रहे।

शोभा यात्रा निकाली

कपासन, (निसं)। तेजा दशमी के शुभ अवसर पर कपासन नगर में शोभा यात्रा निकाली गई । साथ ही तेजाजी महाराज के मन्दिर पर धार्मिक अनुष्ठान विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया। शुक्रवार को तेजाजी दशमी के शुभ अवसर पर ब्रह्मपुरी स्थित तेजाजी के मंदिर सहित क्षेत्र में मन्दिर पर धामिक अनुष्ठान के साथ यज्ञ हवन पुजा अर्चना कर लोक देवता तेजाजी महाराज की आरती की पुजा अर्चना किया गया वह प्रसाद का भोग लगाकर भक्तजनों में वितरित किया गया साथ ही नगर पालिका रेगर मोहल्ला स्थित रामदेव मन्दिर से डीजे साउण्ड के साथ लोकदेवता तेजाजी महाराज की भक्त जनों ने नगर में शोभायात्रा निकाली गई। जो पांच बत्ती चोराहा, बस स्टैंड, ब्रह्मपुरी ,नया बाजार, सिरोया मोहल्ला होते हुए मंदिर जाकर शोभा यात्रा पहुंची। वहां आरती कर प्रसाद का भोग लगाकर भक्तजनों में वितरित किया गया। शोभायात्रा में महिलाओं ने भजनों पर नृत्य किया,।इस अवसर पर ठाम पंचायत गोरा जी निंबाड़ा में भी शोभा यात्रा शंभूलाल जाट सहित ठाम वासियों ने डीजे साउण्ड के निकाला गया।

शांतनु घोष को पीएचडी की उपाधि

उदयपुर, (कासं)। शहर के शैक्षणिक समुदाय के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण में, बीएन कॉलेज ऑफ फार्मेसी, बीएन विवि, उदयपुर के एक शोध छात्र शांतनु घोष को इन-सीटू ओकुलर जेल के निर्माण और मूल्यांकन पर उनके अभिनव शोध के लिए पीएचडी से सम्मानित किया है। बीएन कॉलेज ऑफ फार्मेसी के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. कमल सिंह द्वारा निर्देशित इस अभूतपूर्व कार्य में नेत्र देखभाल उपचार में क्रांति लाने की क्षमता है। घोष का शोध मोक्सीफ्लोक्सासिन हाइड्रोक्लोराइड और डेक्सामेथासोन सोडियम फॉस्फेट युक्त एक नवीन ओकुलर जेल विकसित करने पर केंद्रित था, जो विभिन्न नेत्र संक्रमणों और सूजन संबंधी स्थितियों का प्रभावी ढंग से इलाज कर सकता है।

धोखाधड़ी का मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। शहर के प्रतापनगर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भूखण्ड बेचने का सौदा कर नकदी नही भुगतान करने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी केअनुसार कपिल पुत्र हरिश कृपलानी निवासी प्रतापनगर ने ढेबर कॉलोनी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि आरोपी को 24 लाख 50 हजार रूपये में भूखण्ड बेचने का सौदा किया। इस मामले में आरोपी को रजिस्ट्री करवा दी थी। इस मामले में शेष सात लाख रूपये की नकदी का भुगतान नहीं कर रहा है। इस संबंध में संपर्क करने पर टालम टोल करना शुरू कर दिया।

चिकित्सक के साथ मारपीट

उदयपुर, (कासं)। एमबी चिकित्सालय सुपरस्पेशलीटी के अधीक्षक के साथ मारपीट करने वाले दो आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार टाईगर हिल बडी हॉल एमबीचिकित्सालय सुपर स्पेशलीटी के अधीक्षक डॉ. विपिन माथुर पुत्र किशोर माथुर ने आरोपी लोकेश पुत्र मनोहरलाल हरिजन निवासी खटीक मोहल्ला डूंगला तथा सुरेश पुत्र भंवरलाल मीणा निवासी नठारा सराड़ा जिला सलूम्बर के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि 12 सितंबर को चिकित्सालय में आरोपियों ने मेरे साथ मारपीट की।

नकदी चोरी का मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। शहर के अम्बामाता थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर कार से नकदी चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित मुकेश पुत्र देवीलाल गुर्जर निवासी अहिंसांपुरी ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करकवाया। जिसमतें पीडित ने बताया कि 11 सितंबर को रात में अपनी सुखेर स्थित मार्बल माईन्स से वापस घर लौटा था। जहां बाहर कार खड़ी कर अंदर चला गया। दूसरे दिन सवेरे कार में देखा तो फाटक खुली हुई थी एवं अंदर रखी 4 लाख 45 हजार रूपये नकदी गायब थी।

उदयपुर के बड़ी तालाब में युवती का शव मिला

- सात घंटे बाद प्रेमी युवक का शव भी वहीं मिला

उदयपुर, (कासं)। शहर के समीप बडी तालाब में युवती का शव मिला। उसी स्थान पर कुछ घंटों प्रेमी युवक का शव भी बडी तालाब में मिला जो गुरूवार सांय से लापता थी। परिजन उसकी तलाश में थे। सवेरे लडकी का शव मिलने पर आक्रोषित परिजनों ने विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शन करते हुए युवक व परिजनों पर सख्त कार्यवाही की मांग की थी। इस मामले में एसपी ने भुपालपुरा थानाधिकारी को लाईन हाजिर कर दिया।इधर युवती का शव मिलने के करीब सात घंटे बाद प्रेमी युवक का शव भी बडी तालाब में मिला। जिसे पुलिस ने बाहर निकाल मोर्चरी में रखवाया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार सवेरे शिवाजी नगर उदियापोल निवासी ध्रुवी पुत्री सुन्दरलाल बापना का शव बडी तालाब में मिला। इसकी सूचना मिलने पर आक्रोषित परिजनों ने एमबी चिकित्सालय मोर्चरी के बाहर प्रदर्शन कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की तथा थानाधिकारी को हटाने, अभिषेक चेलावत नामक युवक को व उसके परिजनों को गिरफ्तार कर सख्त कार्यवाही करने की मांग पर अड गए। धीरे धीरे भाजपा जिलाध्यक्ष रविन्द्र श्रीमाली, भाजपा देहात विधायक फूलसिंह मीणा, शहर विधायक ताराचंद, पारस सिंघवी, भाजपा नेता दिनेश भट्ट सहित अन्य भाजपा नेता मोर्चरी पहुचे। इधर परिजनों ने एमबी चिकित्सालय के दोनों गेट बंद कर चेतक एवं कोर्ट चौराहा पर प्रदर्शन करते हुए पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की जिससे एकबार वापस शहर का माहौल तनावपूर्ण हो गया था। । जहां परिजनों ने मांगे पूरी होने तक शव लेने से इनकार कर दिया।

इधर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने भुपालपुरा थानाधिकारी को थाने से हटा दिया है। इधर ध्रुवी का शव मिलने के करीब दस घंटे बाद अभिषेक चेलावत का शव भी बडी तालाब में उसी स्थान के आस पास मिला जहां ध्रुवी का मिला। जिसे पुलिस ने बाहर निकाल एमबी चिकित्सालय मोर्चरी में रखवाया है।

परिजनो ने बताया कि ध्रुवी सरदारपुरा स्थित बीएस शाह सीए के यहां पर काम करने के बाद निकली जोघर नहीं लौटी। करीब डेढ दो घंटे बाद कार्यवाही के लिए भुपालपुरा थाने पहुचे। जहां संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने पर उदयपुर ठामीण विधाक को सूचना दी। इस पर उन्होंने जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल को घटना की जानकारी देने के बाद कार्यवाही आगे बढी। इस पर उसकी लोकेश के आधार पर तलाश करने निकले लेकिन सुराग नहीं लगा। सवेरे बडी तालाब में ध्रवी का शव मिला। अभिषेक ध्रुवी को परेशान करता था जिसकी शिकायत करने पर उसे पुलिस ने छह माह पूर्व पाबंद करवाया था।

इधर युवक का शव मिलने पर पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली। इस मामले में जिला पुलिस अधीक्षक ने कहा कि भुपालपुरा थानाधिकारी को हटा दिया गया है। मामले की जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा को सौंपी है।

डूंगरपुर में सुगंध दशमी मनाई

डूंगरपुर, (निसं)। श्री दिगम्बर जैन समाज के दस लक्षणीय महापर्व के तहत पर्यूषण पर्व का शुक्रवार को छठा दिन उत्तम संयम धर्म की आराधना के रूप में मनाया गया। शुक्रवार प्रात:निर्धारित समय में भगवान का पंचामृत अभिषेक, शांतिधारा तथा आरती के कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमे धर्म प्रेमियों ने भाग लिया। देर शाम को सभी जिनालयों में धर्म प्रेमी मंदिरो में पहुंचे जहां पर धूप जलाकर भगवान की स्तुति की।

पौधारोपण, संगोष्ठी सहित विविध आयोजन

बांसवाड़ा, (निसं)। वागड़ पर्यावरण संस्थान की ओर से अमृता देवी विश्नोई बलिदार दिवस पर भण्डारिया हनुमान तीर्थ पर यज्ञ किया गया। इस अवसर पर पौधारोपण, संगोष्ठी सहित विविध आयोजन हुए। संस्थान अध्यक्ष डॉ. दीपक द्विवेदी ने बताया कि पर्यावरण के क्षेत्र में प्राणो की आहूति देने की घटना विश्व इतिहास में दृष्टिगोचर नही होती। इसी स्मृति को जीवन्त रखने के लिए संस्थान की ओर से पिछले 25 वर्षो से श्री भण्डारिया तीर्थ पर यज्ञ किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यज्ञ तथा विविध आयोजनों का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन जागरूकता है विशेष कर नई पीढ़ी को इस कार्य से जोडना है। संस्थान के कार्यकर्ताओं ने पं. विनय भट्ट के आचार्यत्व तथा पं. पवन पाठक के सहायक आचार्यत्व में यज्ञ में आहूतियां दी।

लूट की वारदात करने वाली गैंग के छह बदमाश गिरफ्तार

- महिला के कपड़े, छुर्री, रस्से, मिर्च पाउडर, बाइक व आठ मोबाइल बरामद
- पूछताछ में बारह लूट की वारदातें कबूली

उदयपुर, (कासं)।शहर के गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने महिला के कपडे पहन कर हाइवे पर लूट करने वाली गैंग का खुलासा करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से महिला के कपड़े, छुर्री, रस्से, मिर्च पाउडर, बाइक व आठ मोबाईल बरामद की। आरोपियों ने पूछताछ में बारह लूट की वारदातें कबूली ।

जिला पुलिस आीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक गजेन्द्रसिंह राव के सुपरविजन मे नेशनल हाईवे पर रात के समय में वाहन चालकों के साथा होने वाली घटना की रोकथाम एवं बदमाशों की धरपकड के लिए कार्यवाही करने के निर्देश पर गोवर्धन विलास थानाधिकारी भवानीसिंह राजावत के नेतृत्व में गठित दल ने गुरूवार को मुखबीर से खरपीणा में लूट गैग के बदमाश वारदात करने की योजना बनाने की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंच कर घेरा डाल कर नारायण पु. थावरा खराड़ी निवासी डागला फला खारा टीडी, मनिष उर्फ मनीषा पुत्र बद्रीलाल खराड़ी निवासी डागल फला खारा टीडी, मनीष पुत्र मोहन गमेती निवासी गोरेला थाना नाई हॉल खरपीणा, शांतिलाल पुत्र कैलाश खराड़ी निवासी गणगौर फला खरपीणा, गोविन्द पुत्र मंगला कलासुआ निवासी कानुवाड़ा फला बिखलाईदरा केसरियाजी, नारायण पुत्र सुरजमल पटेला निवासी काकण सागवाड़ा फला कणजी बाबलवाड़ा होना बताया।

पूछताछ में सभी ने गैंग बनाकर महिला के कपडे पहन कर हाइवै के किनारे खडे होकर वाहन चालकों को रूकवाकर सोने, चांदी के जेवर, नकदी लूटकी वारदातें करना कबूल किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से महिला के कपडे, छुर्री, टार्च, रस्से, लठ्ठ, हंटर, मिर्ची पाउडर तथा 8 मोबाईल फोन बरामद किए। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने 12 लूट की वारदातें करना स्वीकार किया है।

कैंसर जानलेवा रोग, जागरूकता जरूरी : डॉ.अग्रवाल

- इम्यूनोथैरेपी कैंसर रोगियों के लिए आशा की किरण : डॉ. अग्रवाल

उदयपुर, (कासं)। भारत में कैंसर केयर के क्षेत्र में निरंतर विकास और नवाचार हो रहे हैं, जिन्हें चिकित्सकों के सामने लाने के उद्देश्य से ट्रेण्ड्स ऑफ ट्रांसफोर्मेशन इन ऑन्कोलॉजी- स्क्रीन एंड ट्रीट कांफ्रेस आज से शुरू हुई।

कांफ्रेस का उद्घाटन मुम्बई के प्रसिद्ध कैन्सर रोग विशेषज्ञ डॉ. एम.बी.अग्रवाल, पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के चेयरमेन राहुल अग्रवाल, डॉयरेक्टर प्रीति अग्रवाल, ऐक्जिक्यूटिव डॉयरेक्टर अमन अग्रवाल,पेसिफिक विवि के प्रिसिंडेन्ट डॉ.एम.एम.मंगल, पीएमसीएच के प्रिसिंपल डॉ.यू.एस.परिहार, कांफ्रेंस डायरेक्टर एवं कैन्सर रोग विशेषज्ञ डॉ.मनोज महाजन एवं कैन्सर रोग सर्जन डॉ.सौरभ शर्मा ने दीप प्रज्जवलन करके किया। इस अवसर पीएमसीएच के चेयरमेन राहुल अग्रवाल ने अतिथियो का सम्मान करते हुए कहा कि यह कांफ्रेंस उदयपुर में कैन्सर के क्षेत्र में कार्य कर रहे चिकित्सको के लिए मील का पत्थर शामिल होगी। हैमेटों ऑन्कॉलॉजिस्ट डॉ. एम.बी अग्रवाल ने कीमोथेरेपी, रेडियोथेरेपी से ज्यादा इम्यूनोथैरेपी द्वारा कैन्सर के उपचार की महत्ता के बारे बताया। उन्होने कहा कि कैन्सर रोगियों के लिए आशा की किरण इम्यूनोथैरेपी ने कैन्सर रोगियों की उम्र को बढावा देने में बहुत कारगर काम किया है साथ ही उन्होंने कहा कि हम उस दिशा में बढ रहे हैं कि हो सकता है कि आने वाले समय में हमारे शरीर की इम्युनिटी से इम्यूनोथैरेपी द्वारा हम पूर्णत: कैंसर पर विजय प्राप्त करने में सफलता प्राप्त कर लेगें। डॉ.अग्रवाल ने कहा कि कैंसर जानलेवा रोग है, इसके लिए जागरूकता बहुत की जरूरी है। इसके इलाज की शुरुआत सर्जरी से हुई।

फिर रेडियोथेरेपी और कीमोथेरेपी लेकिन अब संसार में नए नए शोध प्रणालियों से इम्यूनोथैरेपी और उससे आगे की थैरेपियों पर रिसर्च चल रहा है जिससे कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी का उपचार कर मरीज की आयु बढाई जा सके। कांफ्रेंस डायरेक्टर डॉ.मनोज महाजन ने कहा कि उदयपुर में लगातार चौथी बार 15 सितंबर तक आयोजित कांफ्रेस पीएमसीएच,पारस हेल्थ, मेन केन फाउण्डेशन, आईएएससीओ और कैंसर रिसर्च एंड स्टेटिस्टिक के साथ आईएमए उदयपुर ,एपीआई उदयपुर, यूएसएस उदयपुर,यूओजीएस उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है।

ट्रेण्ड्स ऑफ ट्रांसफोर्मेशन इन ऑन्कोलॉजी-स्क्रीन एंड ट्रीट' कांफ्रेस में उपस्थित विशेषज्ञ।

जश्ने ईद मीलादुन्नबी का पहला जश्न आज

उदयपुर, (कासं)।पैगम्बरे इस्लाम की मिलाद पर अंजुमन तालीमुल इस्लाम के बैनर तले दो दिवसीय जश्ने ईद मीलादुन्नबी का पहला जलसा अन्जुमन चौक में शनिवार रात बाद नमाजे ईशा शुरू होगा जो सलातो सलाम व दुआ के साथ संपन्न होगा। अंजुमन सदर मुजीब सिद्दीकी ने बताया कि आज जश्ने ईद मीलादुन्नबी के प्रोग्राम में सिर्फ पहले दिन के जलसे के लिए शहजादा ए मसौली अता ए सरकार ताजुल औलिया हुजूर गुलजारे मिल्लत सय्यद गुलजार इस्माईल वास्ती मसौली शरीफ शिरकत करेंगे व दोनों दिन के जलसे के शागिर्दे मुहद्दिसे कबीर खलीफा ए हुजूर ताजुश्शरिया मुफ्ती साकिबुल कादरी बनारस, शायरे इस्लाम हजरत कासिम नदीमी साहब शिरकत करेंगे। सेकेट्री आबिद खान पठान ने बताया कि जश्ने ईद मीलादुन्नबी का दूसरा व आखिरी जलसा इतवार को होगा व सोमवार को जुलूसे मोहम्मदी अन्जुमन से निकलेगा, जुलूस दोपहर 2 बजे अन्जुमन चौक से प्रारम्भ होकर सिंधी बाजार, बडा बाजार, घन्टाघर, मोती चौहट्टा, हरवेन्जी का खुर्रा, हाथीपोल, सिलावटवाडी, जाटवाडी, नई पुलिया, कच्ची बस्ती अम्बावगढ, आयुर्वेदिक कॉलेज चौराहा होता हुआ चरक छात्रावास के कोने से रजा कॉलोनी की मस्जिद से मुल्लातलाई चौराहा होकर, ब्रह्मपोल बाहर स्थित दरगाह इमरत रसूल बाबा परिसर में स्थित दरगाह मुफ्ती हजरत जहीरुल हसन बडे मौलाना साहब के मजार शरीफ पर चादर शरीफ फेस करने की रस्म के साथ रात्रि 10 बजे जुलूस संपन्न होगा।

महाभारत व रामायण हमारे प्रेरक, गीता जीवन दर्शन का ज्ञान करती है : कर्नाटक

- मंदिर, मोक्ष एवं संस्कार के केंद्र : प्रो सारंगदेवोत

उदयपुर, (कासं)। इतिहास एवं संस्कृति विभाग, जनार्दन राय नगर राजस्थान विद्यापीठ विवि और भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद के तत्वावधान में भारतीय मंदिर-शिल्प,वास्तु, दर्शन एवं सामाजिक-सांस्कृतिक परंपराए विषय पर 11-12 सितंबर को आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रोफेसर अजीत कुमार कर्नाटक, कुलपति, महाराणा प्रताप कृषि विवि थे।

अध्यक्षता कर्नल प्रो एस. एस. सारंगदेवोत, कुलपति जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ विवि, विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर एस. के. भनोत आचार्य, इतिहास विभाग, महाराजा गंगा सिंह विवि , बीकानेर थे। संगोष्ठी निदेशक डॉक्टर हेमेंद्र चौधरी ने बताया कि संगोष्ठी में कुल 70 शोध पत्रों का वाचन किया व 150 शोधार्थी एवं इतिहासकारों ने भाग लिया । अतिथियों का स्वागत प्रो. मलय पानेरी,अधिष्ठाता सामाजिक विज्ञान एवं मानवीकी संकाय ने किया। आयोजन सचिव डॉक्टर ममता पूर्बिया ने दो दिवस के दौरान शोध पत्रों का सारांश एंव प्रतिवेदन का वाचन किया। डा. हेमेंद्र चौधरी ने बताया कि विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर एस. के. भनोत ने भारत के मंदिर की शैलियों एवं शिल्प अलंकरण योजना के संयोजन पर बात करते हुए कहा कि मंदिर हमारे जीवन का महत्वपूर्ण पहलू है, वहां से हम ईश्वर के प्रति एकाग्रता को ग्रहण करते है।

प्रो अजीत कुमार कर्नाटक मुख्य अतिथि ने कहा कि हमारे बडे महाकाव्य महाभारत एवं रामायण हमारे प्रेरक हैं, वहीं गीता हमें जीवन दर्शन का ज्ञान करती है। मंदिर परंपरा एक सूत्र है जो वर्षों से इस ज्ञान को संवाहक के रूप में आने वाली पीढियां को शिक्षित कर रही है। अध्यक्षता करते हुए प्रो एस. एस. सारंगदेवोत कुलपति ने कहा कि मंदिर एवं मंदिर के उत्कीर्ण मूर्ति शिल्प शिक्षा, सामाजिक, सांस्कृतिक, प्रशासनिक एवं आर्थिक जीवन के इतिहास के महत्वपूर्ण स्त्रोत है जो हमारे भारतीय ज्ञान परंपरा को समृद्ध करते है, वर्षों पुराने मंदिरों में उत्कर्ष तकनीक हमारे प्राचीन ज्ञान को समर्थ करती है। कार्यक्रम में प्रोफेसर मीना गोड, डा धमेन्द्र राजोरा, प्रोफेसर जे के ओझा, डॉ राजेंद्र पुरोहित, प्रोफेसर प्रीति शर्मा, डॉक्टर आमोस मीना, बिंदिया पवार, पायल लोहार, राजकुमार खराडी, सुनील जैन, सोनल चैहान, दिलीप सिह चैहान, आशीष नन्दवाना, आरिफ, बी. एल. सोनी आदि कई इतिहासकार संगोष्ठी में मौजूद रहे।

प्रो एस. एस. सारंगदेवोत राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित किया।

तांत्रिक की हत्या के मामले में तीन धरे

बांसवाड़ा, (निसं)। महाराष्ट्र के तांत्रिक की हत्या के मामले में कसारवाड़ी थाना पुलिस ने तीन अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। थानाधिकारी नरेन्द्र सिंह ने बताया कि इस मामले में जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अठावाला एवं एएसपी डॉ. राजेश भारद्वाज एवं कुशलगढ़ वृत्ताधिकारी शिवन्या सिंह के मार्गदर्शन में थानाधिकारी के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। इस मामले में गत 7 सितम्बर को अनिल साबले निवासी भीमराव साबले निवासी दरेगांव जिला बुल्डाना महाराष्ट्र ने रिपोर्ट दी कि 3 सितम्बर को उसका भाई रमेश भीमराव साबले हमारे गांव के मेहुल संजय डोगरे के साथ कहीं गया था। 6 तारीख को ठाणे पोलिस स्टेशन से सूचना मिली कि रमेश की मृत्यु हो गयी है। जिस पर प्रार्थी परिवारजनों के साथ थाना कसारवाड़ी आया। यहां मेहुल ने बताया कि वह व रमेश दोनों तंत्र विद्या से राशि डबल करने के लिये बहादुर मछार निवासी मछारासाथ के बुलाने पर 5 सितम्बर को झालोद आये थे। यहां से बहादुर अपने साथियों के साथ गाड़ी लेकर आया और बिठाकर अपने गांव मछारासाथ के तालाब पर पहुंचे और पास पहाड़ी पर ले गया। जहां पर वह रमेश के साथ तंत्र विद्या करने ही वाला था कि बहादुर और उसके साथियों ने तंत्र वाला बैग छिनकर पकडने लगे तो दोनों जान-बचाकर भागने लगे।

कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)
Email:-np_ntd@yahoo. Ph.-02953-233526
क्रमांक/न.पा.ना./नामा./2024/11002 दिनांक : 12/09/2024

-:आपत्ती सूचना:-

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर प्राप्त भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण / नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ती प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम/ वपता	आवेदिक सम्पत्ति कापता	पड़ौस का विवरण			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1	श्री किशन सिंह पिता श्री कालु सिंह झाला, माण्डक का गुड़ा, केसुली	भूखण्ड संख्या-04 जोन संख्या-ख सुखाड़िया नगर नाथद्वारा	भंवरलाल तेली का मकान	प्रकाश धोबी का मकान	आम रास्ता व नगर पालिका कार्यालय	पड़त भूखण्ड

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा

कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)
Email: np_ntd@yahoo.co.in, nagarpalikanathdwara@gmail.com Ph. 02953-233526
क्रमांक :- न.प.नाथ./भूमि/24/10925 दिनांक : 12.9.2024

- : आपत्तीय-सूचना :-

एतदद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्ति द्वारा स्वायत शासन विभाग के ऑनलाईन पोर्टल पर पंजीकृत दस्तावेजों के आधार पर अग्रांकित भूखण्ड/भवन का नामान्तरण स्वयं के नाम से करवाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन में वर्णित सम्पत्ति के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सूचना प्रकाशन के सात दिवस में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ती प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए नामान्तरण स्वीकृति की कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी :-

क्र. सं.	नाम आवेदक मय पता	आवेदित सम्पत्ति का विवरण	पड़ौस			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1.	श्री अक्षत बापना HUF पिता श्री	श्रीजी विहार कॉलोनी, बागोल नाडा भू.सं.-04, नाप-185.83 वर्गगज	60 फिट रोड	कृषि भूमि	भूखण्ड संख्या 05	भूखण्ड संख्या 03
2.	राजकुमार बापना निवासी पंचवटी, उदयपुर	श्रीजी विहार कॉलोनी, बागोल नाडा भू.सं.-09, नाप-203.75 वर्गगज	60 फिट रोड	कृषि भूमि	भूखण्ड संख्या 10	भूखण्ड संख्या 08
3.		श्रीजी विहार कॉलोनी, बागोल नाडा भू.सं.-06, नाप-228.75 वर्गगज	60 फिट रोड	कृषि भूमि	भूखण्ड संख्या 7	भूखण्ड संख्या 5
4.		श्रीजी विहार कॉलोनी, बागोल नाडा भू.सं.-02, नाप-202.50 वर्गगज	60 फिट रोड	कृषि भूमि	भूखण्ड संख्या 3	भूखण्ड संख्या 1
5.		श्रीजी विहार कॉलोनी, बागोल नाडा भू.सं.-22, नाप-135 वर्गगज	भूखण्ड संख्या 21	भूखण्ड संख्या 23	40 फिट रोड़	कृषि भूमि

आयुक्त, नगपालिका नाथद्वारा

कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)
Email: np_ntd@yahoo.co.in, nagarpalikanathdwara@gmail.com Ph. 02953-233526
क्रमांक :- न.प.नाथ./भूमि/24/10910 दिनांक : 12.9.2024

- : आपत्तीय-सूचना :-

एतदद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्ति द्वारा स्वायत शासन विभाग के ऑनलाईन पोर्टल पर पंजीकृत दस्तावेजों के आधार पर अग्रांकित भूखण्ड/भवन का नामान्तरण स्वयं के नाम से करवाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन में वर्णित सम्पत्ति के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सूचना प्रकाशन के सात दिवस में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ती प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए नामान्तरण स्वीकृति की कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी :-

क्र. सं.	नाम आवेदक मय पता	आवेदित सम्पत्ति का विवरण	पड़ौस			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1.	श्री प्रक्षाल बापना पिता श्री	श्रीजी विहार कॉलोनी, बागोल नाडा भू.सं.-18, नाप-147.08 वर्गगज	भूखण्ड संख्या 17	भूखण्ड संख्या 19	40 फिट रोड	कृषि भूमि
2.	राजकुमार बापना निवासी पंचवटी, उदयपुर	श्रीजी विहार कॉलोनी, बागोल नाडा भू.सं.-14, नाप-154.17 वर्गगज	भूखण्ड संख्या 13	भूखण्ड संख्या 15	40 फिट रोड	कृषि भूमि
3.		श्रीजी विहार कॉलोनी, बागोल नाडा भू.सं.-13, नाप-307.78 वर्गगज	60 फिट रोड	भूखण्ड संख्या 14	40 फिट रोड	भूखण्ड संख्या 12
4.		श्रीजी विहार कॉलोनी, बागोल नाडा भू.सं.-19, नाप-138.33 वर्गगज	भूखण्ड संख्या 18	भूखण्ड संख्या 20	40 फिट रोड	कृषि भूमि
5.		श्रीजी विहार कॉलोनी, बागोल नाडा भू.सं.-20, नाप-126.25 वर्गगज	भूखण्ड संख्या 19	भूखण्ड संख्या 21	40 फिट रोड़	कृषि भूमि

आयुक्त, नगपालिका नाथद्वारा

कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)
Email: np_ntd@yahoo.co.in, nagarpalikanathdwara@gmail.com Ph. 02953-233526
क्रमांक :- न.प.नाथ./भूमि/24/10922 दिनांक : 12.9.2024

- : आपत्तीय-सूचना :-

एतदद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्ति द्वारा स्वायत शासन विभाग के ऑनलाईन पोर्टल पर पंजीकृत दस्तावेजों के आधार पर अग्रांकित भूखण्ड/भवन का नामान्तरण स्वयं के नाम से करवाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन में वर्णित सम्पत्ति के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सूचना प्रकाश